दिन–शुक्रवार दिनांक– 20 / 02 / 2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 02:00 बजे से। अवधिः– 05 मिनट

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज नई दिल्ली के सेवा तीर्थ में एआई और डीपटेक स्टार्टअप के मुख्य कार्यकारी अधिकारिओं के साथ एक बैठक की। इस दौरान प्रधानमंत्री ने कृषि, पर्यावरण संरक्षण और मातृभाषा में उच्च शिक्षा को बढ़ावा देने जैसे विभिन्न क्षेत्रों में एआई तकनीक के उपयोग की संभावनाओं पर चर्चा की। श्री मोदी ने अंतरिक्ष क्षेत्र में निजी भागीदारी बढ़ाने की बात भी कही और भारतीय स्टार्टअप में निवेशकों की मजबूत रुचि का उल्लेख किया। गोलमेज बैठक के दौरान सोलह एआई और डीपटेक स्टार्टअप के सीईओ और संस्थापकों ने अपने विचार और कार्य प्रस्तुत किए। ये स्टार्टअप स्वास्थ्य सेवा, कृषि, साइबर सुरक्षा, अंतरिक्ष और सामाजिक सशक्तिकरण जैसे विविध क्षेत्रों में व्यापक जनमानस पर प्रभाव डालने के लिए काम कर रहे हैं।

——————————————————————

पटना उच्च न्यायालय ने बिहार विधानसभा के अट्ठाईस विधायकों से विधानसभा चुनावों के दौरान अनियमितताओं और उनके शपथ पत्रों में कथित विसंगतियों से जुडी याचिकाओं के संबंध में स्पष्टीकरण मांगा है। इधर, विधानसभा अध्यक्ष डॉक्टर प्रेम कुमार ने आकाशवाणी के साथ बातचीत में कहा कि यह नोटिस विधानसभा कार्यालय को प्राप्त नहीं हुआ है। विधानसभा अध्यक्ष ने इसकी पुष्टि करते हुये कहा है कि नोटिस मिलने के बाद ही इस मामले पर कुछ बताया जा सकता है।

——————————————————————

विधान परिषद में नेता प्रतिपक्ष राबड़ी देवी ने राज्य में दुष्कर्म की बढ़ती घटनाओं पर सरकार को घेरते हुये कहा कि इस पर कोई ठोस कदम नहीं उठाया जा रहा है। सरकार की ओर से जवाब देते हुये शिक्षा मंत्री सुनील कुमार ने कहा कि सरकार की नीति और नियत दोनों साफ है। उन्होंने कहा कि महिलाओं और बच्चियों की सुरक्षा सरकार की प्राथमिकता है।

——————————————————————

स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने कहा है कि आईजीआईएमएस में स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार के तहत जल्द ही दो हजार चार सौ नए बेड जोड़े जाएंगे, जिससे मरीजों को बेहतर इलाज और अधिक सुविधा मिल सकेगी। श्री पांडेय ने विधानसभा के बजट सत्र के दौरान स्वास्थ्य सुविधाओं पर बहस का जवाब देते हुए यह जानकारी दी।

उन्होंने जदयू के विधायक आदित्य कुमार की ओर से आईजीआईएमएस में विधायकों के लिए विशेष कोटा की मांग पर कहा कि अस्पताल में बेड खाली होने पर मरीजों को भर्ती किया जा सकता है। उन्होंने स्पष्ट किया कि सरकार विधायकों की मांगों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा कर रही है।

———————————————————————

विशेष निगरानी इकाई ने किशनगंज के ठाकुरगंज में पदस्थापित जिला कार्यक्रम पदाधिकारी अनिता कुमारी को पचास हजार रूपये रिश्वत लेते हुये रंगेहाथ गिरफ्तार किया है। आरोपी डीपीओ एक लाभुक से कार्य संबंधित फाईल को आगे बढ़ाने के लिए रिश्वत की मांग की थी। इकाई की टीम ने अनिता कुमारी के आवास पर भी तलाशी की कार्रवाई की है।

———————————————————————

पटना, भागलपुर, पश्चिम चंपारण और कटिहार जिले में बर्ड फ्लू की पुष्टि हुई है। डेयरी मत्स्य और पशु संसाधन विभाग के अनुसार इन जिलों में पिछले दिनों बड़ी संख्या में कौए मृत पाये गये थे। मृत कौओं के नमूनों की जांच में बर्ड फ्लू की पुष्टि हुई है। विभाग ने कहा है कि अभी सिर्फ कौओं में ही संक्रमण मिला है। पॉल्ट्री में अबतक संक्रमण की सूचना नहीं है। इधर, बर्ड फ्लू को देखते हुए प्रभावित क्षेत्रों में दवा का छिड़काव किया जा रहा है।

———————————————————————

प्रदेश के नक्सल प्रभावित रहे जिलों में एक हजार आठ सौ चौदह किलोमीटर सड़क का निर्माण किया गया है। माओवाद प्रभावित क्षेत्रों में रोड कनेक्टिविटी को लेकर केंद्र सरकार द्वारा आयोजित उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक में पथ निर्माण विभाग के सचिव पंकज कुमार पाल ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि औरंगाबाद, गया, रोहतास, नवादा, मुजफ्फरपुर, जमुई, बांका और लखीसराय जिले में इन सड़कों का निर्माण किया गया है।

———————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ। अब आप सुनेंगे उर्दू बुलेटिन।